# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–03 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

सेमीकॉन इंडिया दो हजार पचीस के दूसरे दिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी में सेमीकंडक्टर से संबंधित विभिन्न उत्पादों और परियोजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने आज केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लिखा गया एक लेख भी साझा किया, जिसमें भारत की परिवर्तनकारी सेमीकंडक्टर यात्रा को रेखांकित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर इंडिया समिट–दो हजार पचीस इसी यात्रा की निरंतरता का प्रतीक है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित समन्वय कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआईटी जैसे संस्थानों के पीछे की मंशा यही है कि वह योजक के रूप में काम करें।

**अगर मनुष्य अयोग्य है, अगर वनस्पति औषधि के योग्य नहीं है, अगर अक्षर मंत्र बनने के योग्य नहीं हैं तो यह मान कर के चलिए कि कोई योजक नहीं है। जोड़ने वाला नहीं है। और मुझे लगता है कि आईआईटी जैसे संस्थानों के पीछे की मंशा यही है कि वह उस योजक के रूप में काम करें और यह समन्वय का कार्यक्रम उस योजक के रूप में एक नई कड़ीं की एक नई भूमिका का निर्वहन करने के लिए आज यहां पर आयोजित है।**

कार्यक्रम के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले लगभग छह दशक में आईआईटी कानपुर ने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में देश को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने आईआईटी कानपुर द्वारा क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की।

मुख्यमंत्री कल गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वह गोरखा रेजिमेंट के गोरखा भर्ती डिपो में युद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य और भव्य संग्रहालय के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ–सीडीएस जनरल अनिल चौहान भी शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री अन्य कई परियोजनाओं के भी लोकार्पण और शिलान्यास समारोह का हिस्सा बनेंगे।

**********

नेपाल और भूटान से, सडक तथा वायु मार्ग से, भारत आने वाले नागरिकों के लिए पासपोर्ट या वीजा के बिना यात्रा सुविधा जारी रहेगी। गृह मंत्रालय ने आव्रजन और विदेशी छूट आदेश, दो हजार पचीस अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत विशेष श्रेणी में वैध पासपोर्ट, यात्रा दस्तावेज और वीजा संबंधी जरूरतों से छूट दी गई है।

**अफगानिस्तान, बंगलादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति, जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके भय से भारत में शरण लेने को बाध्य हुए और जो 31 दिसम्बर 2024 को या इससे पहले बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत आ गए या जिनके पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज की वैधता समाप्त हो गई है, उन्हें वैध पासपोर्ट और वीजा की आवश्यकता से छूट दी जाएगी। इन अल्पसंख्यक समुदायों में हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और इसाई शामिल हैं। दीप्रेंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से फरहत नाज।**

**********

अमेठी के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आज तड़के तीन बजे हुए एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब गाजीपुर से लखनऊ की पटरी पर जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर करीब साठ दशमलव एक किलोमीटर पर पड़ने वाले एक्सप्रेस–वे के कैंटीन के कट पर मुड़ रहे एक ट्रक में घुस गई। हादसे का शिकार तीनों लोग कानपुर के रहने वाले थे।

**********

भारी बारिश और खराब मौसम के कारण जम्मू में माता वैष्णों देवी की यात्रा अभी भी स्थगित है। इस बीच, उत्तर रेलवे ने भी जम्मू और कटरा स्टेशनों से आने–जाने वाली अड़सठ ट्रेनों को तीस सितंबर तक रद्द करने की घोषणा की है। हांलाकि चौबीस ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू किया जा रहा है। जम्मू क्षेत्र में वर्ष उन्नीस सौ दस के बाद से सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। जम्मू और कटरा के बीच स्थानीय लोगों और फंसे हुए यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए दो ट्रेनों के साथ शटल सेवाएं भी शुरू की गई हैं।

**********

प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश और उसके कारण हुए जलजमाव तथा बाढ़ की स्थिति से जनजीवन प्रभावित है । इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में कल भी कुछ स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। बारिश के कारण फर्रुखाबाद सहित कई अन्य जिलों में स्कूलों में अवकाश रहा। इस बीच, गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज मौसम साफ रहा और लोगों ने उमस भरी गर्मी का सामना किया।

**********